भारत सरकार

विद्‌युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2826

जिसका उत्तर 05 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है ।

ग्रामीण क्षेत्रों में विद्‌युतीकरण

2826. श्री गोपाल शेट्टीः

क्या **विद्‌युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के ग्रामीण क्षेत्रों में गत दो वर्षों के दौरान विद्‌युतीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है;

(ख) यदि हां, तो विगत वर्ष का इसका तुलनात्मक ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान देश के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्‌युतीकरण के क्षेत्र में और लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में भविष्य की योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्‌युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्‌यमशीलता राज्य मंत्री (श्री आर. के. सिंह)

(क) से (घ) : राज्यों द्‌वारा दी गई सूचना के अनुसार, देश में 28.04.2018 तक सभी आवासित गैर-विद्‌युतीकृत जनगणना गांवों को विद्‌युतीकृत कर दिया गया है।

इसके अलावा, देश में अंतिम छोर कनेक्टिविटी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरों को एवं शहरी क्षेत्रों के सभी निर्धन घरों को विद्‌युत कनेक्शन उपलब्ध कराकर सभी घरों का विद्‌युतीकरण हासिल करने के लिए, भारत सरकार ने अक्तूबर, 2017 में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना-सौभाग्य शुरू की। सभी राज्यों ने सौभाग्य पोर्टल पर 31.03.2019 तक छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित बस्तर क्षेत्र के कुछ घरों को छोड़कर सभी घरों के विद्‌युतीकरण की सूचना दी है। देश में स्कीम की शुरुआत से 31.03.2019 तक 2.628 करोड़ घरों का विद्‌युतीकरण किया गया है।

****